हिन्दी मिलाप

नराकास-2 की बैठक संपन्न

हैदराबाद, 27 अप्रैल-(मिलाप ब्यूरो)

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के तत्वावधान में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क आफ इंडिया द्वारा नराकास-2 की बैठक एमसीआर-एचआरडी संस्थान, जुबली हिल्स में आयोजित की गई।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष शशिभूषण (उप-महानिदेशक, एनआईआरडीपीआर) की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सी.वी.डी. रामप्रसाद (निदेशक एसटीपीआई), नरेन्द्र सिंह मेहरा (उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, बेंगलुरू), डॉ. नरेश बाला (उप निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, हैदराबाद), डॉ. जयशंकर प्रसाद तिवारी (सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षा), डॉ. अहमद मिन्हाजुद्दीन (यूनानी मेडिसिन कार्यालय निदेशक) व अन्य उपस्थित थे। नराकास-2 की सदस्य सचिव अनीता पांडे (सहायक निदेशक, राजभाषा) ने सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष शशिभूषण ने बताया कि नराकास-2 में 52 कार्यालय हैं, लेकिन तिमाही रिपोर्ट और पीपीटी भेजने वाले कार्यालयों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। नराकास की अगली बैठक सदस्य कार्यालय में आयोजित करने हेतु तथा तिमाही रिपोर्ट सही समय पर भेजने हेतु उन्होंने अनुरोध किया। डॉ. सी.वी.डी. रामप्रसाद ने कहा कि एसटीपीआई में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। स्थानीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर भी कई पुरस्कार प्राप्त किए। नरेन्द्र सिंह मेहरा ने बताया कि राजभाषा नियम और अधिनियम का विश्लेषण कर सभी रिपोर्टों को ऑनलाइन पंजीकरण करने अत्यावश्यक है।

Hindi Milap Edition
Apr 28, 2022 Page No. 2
Powered by : eReleGo.com

हिन्दी मिलाप

नराकास-2 की बैठक में उपस्थित समिति के अध्यक्ष शशि भूषण, डॉ. सीवीडी रामप्रसाद व अन्य।

Hindi Milap Edition

Apr 28, 2022 Page No. 2

Powered by : eReleGo.com